(ग) जी हां । उद्देश्य यह है कि प्रत्येक जिला मुख्यालय में कम से कम एक प्रयोगशाला होनी चाहिए बशर्ते कि राज्य सरकार अथवा शैक्षिक संस्थाओं सहित अन्य एजेंसियों के पास कोई विद्यमान उपलब्ध सुविधायें न हों ।

(घ) प्रयोगशालाओं के स्थान-वार ब्यौरे राज्य सरकार के विशिष्ट प्रस्तावों पर निर्भर करेंगे जो कि अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं ।

इन्दिरा आवास योजना के अंतर्गत आवास सुविधा

3232. **श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत गरीब लोगों के लिए हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के लिए कोई योजना विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरे क्या हैं ;

(ग) क्या सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश में सभी लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो इस योजना के लिए बजट में कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर): (क) जी नहीं । इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत ऋण मुहैया कराने की कोई योजना नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) 1993-94 के बाद से इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत मकानों के निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निधियों के निर्धारित को जवाहर रोजगार योजना के कुल आवंटन के 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया गया है और इसकी कवरेज को इस शर्त के आधार पर कि गैर-अनुसूचित जाति/जनजाति के गरीबों (मुक्त बंधुआ मजदूरों को छोडकर) को दी जाने वाली वित्तीय सहायता राष्ट्रीय स्तर पर कुल आवंटन के 4 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, गैर-अनुसूचित जाति/जनजाति के गरीब लोगों के लिए भी बढाया गया है । ऐसी आशा है कि आठवीं योजनावधि के दौरान और अधिक ग्रामीण गरीबों को कवर किया जा सकेगा ।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के पहले और दूसरे वर्षों (1992-93 और 1993-94) के दौरान इंदिरा आवास योजना के लिए क्रमश: 22396.29 लाख रुपए और 31812.24 लाख रुपए का आवंट किया गया है ।

Construction of Houses for SC/STs in Tamil Nadu

3233. SHRI S. AUSTIN; Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the number of houses constructed for the poor SCslSTs in Tamil Nadu under the Indira Awas Yojana during the last three years; and

(b) whether Government propose the construct more houses under this Yojana during the year 1994?

THE MINISTER OF STATE IN-THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT): (SHRI RAMESH* WAR THAKUR): (a) During the last three years, 102437 houses have bow constructed for the poor SCslSTs in Ta-mil Nadu, under Indira Awas Yojana.

(b) Yes, Sir.